अमर उजाला 23/04/2025

# ऑनलाइन श्रेणी में अलंकृता रही प्रथम



गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीय छात्र सेमिनार का आयोजन। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राष्ट्रीय छात्र सेमिनार का आयोजन किया। यह आयोजन प्रो. वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट के सौजन्य से हुआ। इसका आयोजन ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से किया।

प्रतिभागियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। ऑनलाइन श्रेणी में अलंकृता त्यागी, अनुराधा प्रथम, कुमुद व अंजलि द्वितीय, महक तृतीय रही। ऑफलाइन माध्यम में खुशी प्रथम, अल्लिश द्वितीय व

## ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों श्रेणियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर नकद पुरस्कार दिए

हनी ढल तृतीय रहे। रमणीक कौर को सांत्वना पुरस्कार मिला।

सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रो. डॉ. विनय कुमार मल्होत्रा ने कहा कि यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को अपने विषय, विशेषकर राजनीति विज्ञान में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करने का उत्तम अवसर प्रदान करते हैं।